Title: Requests the Central Government to hold talks with the State Government of Uttar Pradesh to negotiate with the electricity employees to call off strike.

श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से एक लोकमहत्व प्रश्न की ओर भारत सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। पूरे देश में चाहे बाढ़ हो या बिजली का सवाल हो या खरीफ की फसल के समय बिजली का सवाल हो, इसी परिवेश में उत्तर प्रदेश के अभियन्ताओं ने हड़ताल कर दी है। ये लोग १९ जुलाई से हड़ताल पर हैं। इस वजह से समूचे उत्तर प्रदेश में बिजली का उत्पादन घट गया है और अन्धेरे की स्थिति पैदा हो गई है। इससे उद्योग धन्धों पर भी बुरा असर पड़ रहा है। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश सरकार से बात कर कर्मचारियों और सरकार के बीच वार्ता कराकर इस हड़ताल को जनहित में समाप्त कराने का प्रयास करे।